वनस्थली विद्यापीठ
पो. वनस्थली विद्यापीठ ३०४०२२
(राजस्थान)

BANASTHALI UNIVERSITY
P.O. BANASTHALI VIDYAPITH 304022
(RAJASTHAN)

क्र० : का०अ०/20762/2016-2017 दिनांक : 24 दिसम्बर, 2016

प्रिय महोदय,

आपके आवेदन-पत्र और आपसे दिनांक 10.12.2016 को हुए साक्षात्कार के आधार पर आपको वनस्थली विद्यापीठ में जूनियर टेक्नीकल असिस्टेन्ट पद पर नियुक्त किया जाता है । आपसे यह अपेक्षित है कि आप विद्यापीठ की अन्य सभी गतिविधियों में अपना सहयोग दें व उपयुक्त प्रशासनिक जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करें ।

आपकी नियुक्ति 5200-20200 पे-बैण्ड में की गयी है । आपका वेतन दिये गये विवरणानुसार रहेगा । विद्यापीठ के नियमानुसार वेतन की गोपनीयता रखना कार्यकर्ता का दायित्व है और इसका उल्लंघन विद्यापीठ के नियमानुसार दण्डनीय अपराध है ।

आपकी नियुक्ति कार्यभार संभालने की तिथि 24 दिसम्बर, 2016 से 31 दिसम्बर, 2018 तक के लिए कॉन्ट्रेक्ट पर की जाती है । कॉन्ट्रेक्ट की अवधि में विद्यापीठ आपकी नियुक्ति को किसी भी समय तीन माह की पूर्व सूचना या उसके बदले में तीन माह का वेतन देकर समाप्त कर सकेगा । अगर इस अवधि में आप स्वयं कार्यमुक्त होना चाहेंगे तो आपको तीन माह की पूर्व सूचना देना अनिवार्य होगा । कार्यमुक्त होने की पूर्व सूचना के ऐवज में सामान्यतया वेतन स्वीकार्य नहीं होता है । संतोषजनक कार्य प्रगति की स्थिति में सामान्यतया कॉन्ट्रेक्ट का नवीनीकरण होता रहा है ।

इस नियुक्ति की यह आधारभूत शर्त है कि उपरोक्त के अलावा सेवा शर्तों, छुट्टियों, कैम्पस निवास एवं अन्य सभी मामलों से सम्बन्धित विद्यापीठ के समय-समय पर प्रभावी सभी नियम आप पर अनिवार्य रूप से लागू होंगे और विद्यापीठ में आपकी सेवा के आधारभूत करार माने जाएंगे और इन नियमों में किसी भी समय परिवर्तन करने का विद्यापीठ को पूरा अधिकार होगा और संशोधित नियम आप पर लागू माने जाएंगे ।

यह नियुक्ति पत्र आपके द्वारा उपरोक्त शर्तों से अपनी सहमति लिखित रूप में देने एवं कार्यसमिति के अनुमोदन के पश्चात् ही लागू माना जाएगा ।

भवदीय

कुलपति
वनस्थली विद्यापीठ

श्री गजेन्द्र कुमावत
A-44, आजाद नगर एयरपोर्ट के पास
सांगानेर, जयपुर (राज०) 302029